हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025




# दशहरा पर दिखी आकर्षक आतिशबाजी, गायकों ने बांधा समा

## म्युनिसिपल में असीस कौर, स्टेट स्कूल में सावन बैंड ने दी प्रस्तुति, आधा दर्जन स्थानों में रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अधर्म पर धर्म की जीत और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व भव्य आतिशबाजी के बीच अहंकारी रावण के विशालकाय पुतले के दहन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान हजारों लोग दशहरा उत्सव के आयोजन में शामिल हुए। शहर के स्टेट स्कूल, म्युनिसिपल स्कूल, कमला कॉलेज, गौरीनगर, लखोली, कन्हारपुरी, लेबर कॉलोनी सहित अन्य जगहों पर रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया गया।

शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति द्वारा आयोजित दशहरा उत्सव कार्यक्रम में मशहूर प्लेबैक सिंगर आसीस कौर ने अपनी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शक झूम उठे। वहीं इस दौरान अत्याधुनिक आतिशबाजी के बीच रावण के पुतलों का दहन किया गया। आतिशबाजी से आसमान में रंगीन छंटा नजर आई। इस रावण दहन के आयोजन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, सुरेश एच. लाल, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने विजयादशमी पर्व को लेकर अपनी शुभकामनाएं दी।











### आतिशबाजी पर टिकी निगाह

शहर के स्टेट हाईस्कूल मैदान में राष्ट्रीय उत्सव समिति द्वारा आयोजित रावण दहन के आयोजन में लगभग 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस आयोजन में सावन द बैंड ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। वहीं शहर के प्रसिद्ध बांसुरी वादक ओपी देवांगन बांसुरी की मधुर धुन से श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं यहां महाराष्ट्र और बंगाल की आतिशबाजी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में भी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हुए और लोगों को संबोधित करते विजयादशमी की बधाई दी।

### कटक की आकर्षक आतिशबाजी

शहर के कमला कॉलेज मैदान में महंत राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति द्वारा विशालकाय रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। इस आयोजन में कटक की आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं निखिल और श्याम के भजनों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### गौरीनगर में रावण दहन

शहर के गौरीनगर में कौमी एकता दशहरा उत्सव समिति द्वारा रावण के भव्य पुतले का दहन किया गया। यहां धमतरी से आए कलाकारों ने आकर्षक आतिशबाजी की प्रस्तुति दी। इस दौरान उत्कृष्ट विद्यार्थी, खिलाड़ी और नागरिकों का सम्मान किया गया।

---

### लगातार हो रही घटनाएं, तेज रफ्तार बन रहा मौत का अहम कारण

# तीन सड़क हादसे में तीन की मौत

## ओवरब्रिज में मालवाहक की चपेट में आई वृद्धा, बायपास में दो घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के चिखली ओवरब्रिज एवं बायपास रोड में हुए अलग-अलग तीन दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर के समय चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र में देवी प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकली हुई थी। इस दौरान ओवरब्रिज के किनारे बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर विसर्जन शोभायात्रा देखने मशगूल थे। वहीं सड़क के दोनों ओर लोग अपनी-अपनी वाहनें भी खड़ी कर दिए थे।

**बाइक से गिरी, मालवाहक की चपेट में आई :** इसी दौरान बाइक में एक व्यक्ति के साथ सवार होकर आ रही वृद्ध महिला किसी की ठोकर से नीचे सड़क पर गिर गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे मालवाहक पिकअप ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। चिखली चौकी पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल वृद्धा को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतिका का नाम विमला साहू 65 वर्ष बताया गया है।

### खास बातें

- पिछले दो सप्ताह में दर्जनभर की मौत, अधिकांश दो पहिया वाहन में थे सवार
- ब्लैक स्पॉट के साथ ही अन्य स्थानों में भी हो रहे सड़क हादसे



**लगातार हो रही घटनाएं :** जिले में पिछले कुछ दिनों के भीतर सड़क हादसों की संख्या में भारी इजाफा देखने को मिला है। आलम यह है कि नवरात्र त्योहार के दौरान ही आधा दर्जन से अधिक सड़क हादसे देखने को मिले है। चिंताजनक बात यह है कि मवेशियों से होने वाले हादसे के अलावा तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों की लापरवाही से भी हादसे देखने को मिल रहे है। हालांकि पुलिस महकमे ने जिले में अधिक हादसे होने वाले स्पॉक की सूची तैयार की है। लेकिन ब्लैक स्पॉट के अलावा भी अन्य स्थानों में हादसे देखने को मिल रहे है।

### बायपास में भी दुर्घटना

सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाइक में सवार होकर रेवाडीह निवासी धनराज अहिरवार 24-25 वर्ष एवं भीखम यादव कहीं जाने के लिए निकले थे। वे गुरुवार को दोपहर लगभग डेढ बजे बायपास रोड में पहुंचे ही थे कि लापरवाही से भागती एक वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस के अनुसार इस घटना में धनराज की मौत हो गई। वहीं भीखम घायल है। बसंतपुर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### बाइक सवार को वाहन ने ठोका

इधर कोतवाली थाना क्षेत्र बाइक में सवार होकर समीर साहू 20 वर्ष ग्राम भंवरमरा से कन्हारपुरी की ओर 1 अक्टूबर को रात लगभग 9-10 बजे जा रहा था। वह गोविंद नगर बायपास के पास पहुंचा ही था, इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक को गंभीर चोंटे आई थी। उसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

---

# गुलाल-अबीर उड़े, जसगीत के साथ मां की प्रतिमाओं का किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व के तहत गुरुवार को दशहरा पर्व के दिन पूजा पंडालों में विराजित देवी मां की प्रतिमाओं की बाजे-गाजे एवं गुलाल-अबीर बिखेरकर सम्मान विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे शहर के प्रमुख मार्गों में यही माहौल था। दिनभर श्रद्धा-भक्ति का वातावरण निर्मित रहा।

ज्ञात हो कि शारदीय नवरात्र पर्व के तहत शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में पूजा समितियों द्वारा देवी मां की भव्य मूर्तियां पूजा पंडालों में स्थापित कर व्यापक साज-सजावट की गई थी। पूरे दस दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना का दौर जारी रहा। अष्टमी हवन के पश्चात कई स्थानों पर जंवारा एवं देवी प्रतिमाएं विसर्जन की गई। यह सिलसिला गुरुवार दशहरा के दिन तक जारी रहा।

**नदी तट पर गूंजे जयकारे:** शहर में दोपहर से देवी मां की प्रतिमाओं को बाजे-गाजे, जसगीत एवं गुलाल-अबीर बिखेरकर भक्त शोभायात्रा निकालते हुए विसर्जन किए। इस दौरान मोहारा शिवनाथ नदी तट पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। माता के जयकारों से शिवनाथ नदी तट गूंजता रहा।





### शहर के रास्ते रहे जाम, एक साथ निकली समितियां

शहर की अधिकांश दुर्गा समितियों ने मां की मूर्ति की विसर्जन दशहरा यानी गुरुवार के दिन ही किया। आलम यह था कि गुरुवार की शाम को बीच शहर की अधिकांश सड़के विसर्जन के दौर के चलते जाम रही। लोगों में उत्साह भी देखने को मिला। ज्ञात हो नवरात्र के अंतिम दिन समितियों ने ज्योत का विसर्जन कर दिया था, लेकिन अधिकांश समितियों ने मूर्ति विसर्जन गुरुवार को ही किया।

---

## नशीली टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक से 30 नग नशीली टेबलेट बरामद कर कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दिव्यांश सिंग ठाकुर निवासी खुंटापारा क्षेत्र में घूम-घूमकर नशीली टेबलेट बेचता है, जो काले रंग की बाइक में घूम रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस बोरतलाब रोड चिद्दो मोड़ के पास पहुंचकर रेड कार्रवाई कर घेराबंदी कर तलाशी ली, जिस पर बाइक के सीट के नीचे एक पीले रंग के कैरी बैग में कुल 30 नग नशीली टेबलेट मिला, जिसे मोटर साइकिल सहित व बिक्री रकम 550 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### माए एंगल




# मानसून की विदाई तक जारी रहेगा बारिश का दौर, दो दिन का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



भले ही सितंबर महीने के साथ ही मानसून सीजन समाप्त हो गया हो, लेकिन अब तक मानसून अंचल से विदा नहीं हुआ है। यही कारण है कि मानसून के विदा होने तक अंचल में बारिश की गतिविधियां बनी रहेगी। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के चलते अगले दो दिन भी बारिश की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 9.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके लगातार उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अगले 12 घंटे में और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में इसी स्थान पर बनने की संभावना है। इसके उत्तर उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर गहरा अवदाब के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है तथा यह दक्षिण उड़ीसा और उत्तर आंध्र तट को 3 अक्टूबर के सुबह पार करने की संभावना है। प्रदेश में कल 4 अक्टूबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की सम्भावना है।

### चार को भारी बारिश की संभावना

अगले दो दिन यानी 3 और 4 अक्टूबर को प्रदेश अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है। 3 अक्टूबर को दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिलों में कुछ स्थानों पर भारी तथा एक दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की सम्भावना है। 4 अक्टूबर को प्रदेश के मध्य भाग में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है, प्रबल हवा गति कारण दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिलों में खड़ी फसलों को कुछ नुकसान हो सकता है ।

# योगी के फार्म हाउस से मूर्ति चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



डोंगरगढ़ प्रज्ञागिरी स्थित योगी तरूण क्रान्ती के फार्म हाउस से मूर्ति चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 अगस्त को प्रार्थी विजय अग्रवाल 55 साल निवासी भगत सिंह चौक द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि ग्राम कुरूभाट प्रज्ञागिरी के पास छोटे भाई तरूण क्रान्ती योग का फार्म हाउस है। जिसमें बरामदा में रखे गणेश, लक्ष्मी माता, काली माता, बुद्ध, सरस्वती माता की मूर्ति तथा अन्य छोटी मूर्ति को 5 अगस्त की रात्रि में कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा- 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### चोर से मूर्तियां जब्त, जेल दाखिल

इस मामले में पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपी एवं माल मशरूका के पता तलाश में जुट गए। पता तलाश के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य की मदद से संदेही आरोपी सुमीत घरड़े 28 साल निवासी भुरवाटोला को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी सुमीत घरड़े द्वारा चोरी करना स्वीकार किया एवं आरोपी से चोरी गए मूर्ति को बरामद कर जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी को 2 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा है।






## खबर संक्षेप

### डिकेश बने जिला भाजपा के महामंत्री



**डोंगरगांव।** जिला भाजपा की कार्यकारिणी घोषित करते हुए जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से नगर के युवा नेता डिकेश साहू को महामंत्री मनोनित किया है। उल्लेखनीय है कि डिकेश साहू लंबे समय से पार्टी में सक्रियता से जुटे हैं। वह वर्तमान में भाजयुमो जिला महामंत्री हैं। वह पूर्व में पार्षद भी रह चुके हैं। उनकी नियुक्ति से युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। नवनियुक्त जिला महामंत्री श्री साहू ने मनोनयन के लिए प्रदेश नेतृत्व एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया है। श्री साहू को जिला महामंत्री मनोनीत होने पर क्षेत्र के युवा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### प्रतिमा विसर्जन आज

**पटेवा।** इरईकला में युवा उत्सव समिति, मां शीतला दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में कल 3 अक्टूबर को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर सुर म्यूजिक आर्केस्ट्रा एवं जगराता ग्रुप देवकर, शंकर भोला भंडारी फेम सुमन डांस ग्रुप भिलाई की झांकी का प्रदर्शन होगा। शोभायात्रा शीतला मंदिर से निकलकर ग्राम का भ्रमण करेगी।

### उल्लास से मनाया विजयादशमी



**डोंगरगढ़।** ग्राम पटपर में दशहरा मनाया गया। इस मौके पर बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। सर्व प्रथम राम की पूजा अर्चना कर रामलीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे थे। इस दौरान बोधीराम साहू, रोशन साहू, कोमल साहू, माधो देवदास, भुवन साहू, कृपा साहू सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामलीला का मंचन



**डोंगरगढ़।** ग्राम शिवपुरी में धूमधाम से दशहरा पर्व गया। ग्राम में नवरात्रि के दौरान पिछले 23 वर्षों से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला में गांव के पुरुषोत्तम सोरी, दिलेश्वर निषाद, चमन साहू, अश्वन, नितेश ठाकुर, पिंटु कंवर, पवन कंवर, शिवा नेताम, हनींसिंह,दुलेश चंद्रवंशी, धनराज साहू, लक्की, बनवाली ठाकुर, खिलेश देवदास, युवराज साहू, रामगोपाल पटेल, अवधेश गंधर्व, जैन देवदास, रितेश रजक, दीपक कंवर, अविनाश यादव, उतरा सेन, राकु अभिनय करते हैं।

### उद्यान में पौधरोपण




**डोंगरगांव।** सेवा पखवाड़ा के तहत बम्लेश्वरी उद्यान को हरा भरा बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रामकिशन महेश्वरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, अरुण जैन, पूर्व पार्षद सिद्दीकी बड़गुजर, प्रफुल्ल जैन राजा, कोमल साहू, सीएमओ विनम्र आदि मौजूद थे।





## विसर्जन शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# शहनाई से जस गीतों की बिखरी तान, ज्योति कलशों का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नौ दिन तक आराधना के बाद देवी मंदिरों में स्थापित ज्योति कलशों का शोभा यात्रा के साथ विसर्जित किया गया। नवरात्र के अंतिम दिन नीचे मंदिर से निकली ज्योति कलशों के अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति ने पुरानी परंपरा के अनुरूप उपर मंदिर के 7901 ज्योति कलशों को मंत्रोच्चारण के साथ मौके पर शांत कराया। वहीं नीचे मंदिर के 901, छिन्नमस्ताा माता के 11 और शीतला मंदिर के 59 ज्योति कलशों को महिलाओं ने सिर पर धारण कर शोभा यात्रा के साथ महावीर तलाब में विसर्जित किया। अष्टमी हवन के बाद ग्राम देवी देवतओं की पूजा अर्चना काल भैरव, छिन्नमस्ता माता से ज्योति विसर्जन की अनुमति ली गई।

### ज्योति कलशों का मिलाप

ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैगा दीपक उईके, ओमकार महोबिया ने माता बम्लेष्वरी की प्रथम ज्योत की पूजा अर्चना कर प्रांगण में उपस्थित महिलाओं को कमरे में स्थापित ज्योति कलशों को लाकर सौपा। ढोल नगाड़ा और शहनाई की धुन तथा माता के जयकारे के साथ शोभायात्रा नीचे मंदिर से शुरू हुई। मंदिर के चौखट एवं सभी देवी मंदिरों, चौक चौराहों एवं रेल्वे लाईन की पूजा करते हुए शोभायात्रा शीतला मंदिर पहुंची। यहां दोनो मंदिरों की प्रमुख ज्योति कलश का भेंट मिलाप हुआ और नारियल भेंट किया गया। शीतला मंदिर के ज्योति कलशों के साथ शोभायात्रा महावीर मंदिर पहुंची। मूंछ वाले हनुमान, सरोवर देवता की अनुमति के साथ कलशों का विसर्जन किया गया। विसर्जन के बाद शोभायात्रा वापस नीचे मंदिर पहुं। ज्योत उठाने वाली महिलाओं सहित कार्यकर्ताओं ने भोजली भेंट कर एक दूसरे को बधाई दी। जानकारी के अनुसार शोभायात्रा में वह महिलाएं भी शामिल हुई जिनके परिजनों ने कलश स्थापित कराया था। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल भी अपने ज्योति कलश के साथ शोभायात्रा में शामिल हुई।

### सक्रिय रहा पूरा प्रशासन

ज्योति विसर्जन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर सक्रिय भूमिका निभाया। पुलिस प्रशासन के अलावा आरपीएफ, जीआरपीएफ एवं रेल्वे के अधिकारियों के अलावा सुरक्षा बल तैनात किया गया था। रेल्वे ट्रेक पार करने के दौरान कई प्रमुख ट्रेनों को रोक दिया गया था।

### जसगीतों में झूमे श्रद्धालु

शोभायात्रा में महाराष्ट्र के शहनाई वादको ने लगातार जसगीत की धुन से माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। शोभायात्रा रामजी तराने, गणेश साहू, आचार्य पंडितो ने विधिवत संपन्न कराया। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, बिसनाथ यादव, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महेन्द्र परिहार, चंद्रप्रकाश मिश्रा, पितांबर स्वामी, अनिल गटटानी, प्रकाश बिंदल, नितिन पचेरी, संजय गुमास्ता, संजय श्रीवास्तव, महेन्द्र भाई पटेल, बबलू शांडिल्य, सुषमा कोठारी, राजू जैन, थानेश्वर पटिला, जितेन्द्र, राजू छाजेड, डॉ मनीष बघेल, राजेश अग्रवाल, धीरज मेश्राम, गणेश नरेडी, सत्यप्रकाश मिश्रा, दिलीप बिंदल, मधु नरेडी, केशव नरेडी, राकेश पचेरी, अशोक साहू, गौतम चोपडा, योगेश अग्रवाल, अनिल शर्मा, दिलीप बिंदल, मोनू, अनिल अग्रवाल, संजय नरेडी, विशु खांडेकर, केएन भोई, स्टेशन मैनेजर, एएसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम, टीआई उपेन्द्र शाह सहित अन्य मौजूद थे।

## शोभायात्रा के साथ कलश विसर्जित

**सड़क अतरिया।** नर्मदा मंदिर नवरात्र के दौरान भक्तों से गुलजार रहा। हजारों श्रद्धालु आस्था प्रकट करने नर्मदा पहुंचें। बुधवार को पारंपरिक तरीके से जोत विसर्जन किया गया। शाम को माता रानी की महाआरती के पश्चात कक्ष से जोत निकाला गया। शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सेवा गीत का गायन किया गया। शोभायात्रा के पश्चात कुंड में विसर्जन किया गया। इसी प्रकार गांव गांव में विराजित दुर्गा, सरस्वती प्रतिमा का विसर्जन का सिलसिला अष्टमी हवन के बाद शुरू हुआ जो गुरूवार तक जारी रहा।



### स्कूल में कन्या पूजन

**जेवरतला रोड।** नवरात्रि के मौके पर प्राथमिक शाला टटेंगा में कन्या पूजन का आयोजन कर सभी बच्चों को श्रृंगार सामग्री के साथ चुनरी अर्पित किया गया। पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन व्याख्याता चन्द्रमणी वासनिक, हर्षा देवांगन ने किया था। माता दुर्गा की आरती के बाद पुड़ी, हलवा, केला, सब्जी आदि परोसा गया। इस अवसर पर बिंदु साहू, बिंदु पटेल, लिखन सर्पा, चन्द्रशेखर उर्वशा, टुमन साहू, खोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, संजय साहू, जितेन्द्र साहू, तामेश्वरी साहू, अनुसुईया साहू आदि उपस्थित थे।



### हवन के बाद प्रतिमाएं विसर्जित

**घुमका।** नगर में गुरूवार को मूर्तियों का विसर्जन किया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा, मां काली, मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, मां शाकम्भरी, भगवान विष्णु, भोलेनाथ की मूर्तियों का विसर्जन शोभायात्रा निकालकर शीतला तालाब में किया गयाध। चंडी चौक की दुर्गा समिति ने नवदुर्गा की झांकी प्रस्तुति के साथ प्रतिमा विसर्जन किया इसी प्रकार बजरंग चौक वालों ने भक्ति गीत के साथ मां दुर्गा का विसर्जन किया।विसर्जन यात्रा में नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### स्वच्छता के लिए भुरभुसी पंचायत सम्मानित



**सड़क अतरिया।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने जिला मुख्यालय में गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में स्वच्छता के लिए ग्राम पंचायत भुरभुसी को सम्मानित किया गया। जिले में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पंचायत में सामूहिक प्रयास से उत्कृष्ट कार्य किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल सहित अन्य अतिथियों द्वारा सरपंच डोंगरू साहू, सचिव तुकाराम पटेल को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## शराब पर जिलाध्यक्ष का बयान शर्मनाक : साहू

**छुरिया।** कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने महतारी एक्सप्रेस में 16 पेटी शराब का तस्करी के मामले में भाजपा अध्यक्ष के बयान को शर्मनाक बताते हुए कहा कि उनके बयान से स्पष्ट हो गया पूरी भाजपा भ्रष्ट है। बयान पर पलटवार करते हुए साहू ने कहा इतना सब होने के बाद जिलाध्यक्ष कहते हैं कि यह कांग्रेस की साजिश है और दूसरी ओर यह भी कहते हैं कि दोषियों पर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि अगर यह षडयंत्र है तो कार्यवाही किस पर होगी ? उन्होंने कहा कि भाजपा राज में जिला नशाधानी बन गया है। मोहड़ गोलीकांड का आरोपी अब तक पकड़ से बाहर है। डोंगरगढ़ नकली शराब कांड में अब तक कुछ नहीं हुआ है।



# दस दिन बंद रहेगी सरकारी राशन दुकानें

- दुकान संचालक और विक्रेता आंदोलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ ने प्रदेश में दोलन छेड़ने का ऐलान किया है।

संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि मांगों को लेकर दुकान संचालक पदयात्रा कर मुख्यमंत्री से मिलेंगे। प्रदेश भर के पीडीएस दुकान संचालक आंदोलन में शामिल होने से 1 से 10 अक्टूबर तक राशन दुकानें बंद रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 81 लाख कार्डधारकों को राशन वितरण की जिम्मेदारी विक्रेताओं के कंधे पर है, लेकिन सरकार ने दुकान संचालकों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। सरकार की बेरुखी के कारण दुकान संचालक सड़क पर आने मजबूर हैं।



### संघ की छह सूत्रीय मांगें

बिक्रेताओं को नियमित वेतनमान, सामाजिक सुरक्षा योजना लागू करने, निजीकरण बंद करने, संचालन कार्यों को सरल और पारदर्शी बनाने, बिक्रेताओं की सेवा को स्थाई करने, गड़बड़ियों और तकनीकी दिक्कतों को दूर करने की मांग रखा है। बिक्रेताओं ने गत दिनों कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था।

### वरिष्ठों के योगदानों को किया याद

# वृद्धजन दिवस पर लोगों ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक भवन में वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आए वृद्धजन व वरिष्ठ नागरिकों का शाल, श्रीफल और उपयोगी उपकरण श्रवण यंत्र, बैसाखी, छड़ी भेंट कर सम्मान किया गया।

इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जहां आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के साथ ही वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम को विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और जिपं सीईओ प्रेकुमार पटेल ने संबोधित किया और कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज की धरोहर हैं। उन्होंने जीवन भर परिश्रम कर परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके जीवन के अनुभव और संस्कार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। वरिष्ठजनों का आशीर्वाद ही हमारे समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। उनका सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। युवा पीढ़ी को उनके अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। आभार प्रदर्शन संयुक्त कलेक्टर सुमन राज ने किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष छुईखदान पुष्पा प्रकाश वर्मा, बिशेसर दास साहू, खम्मन ताम्रकार, घम्मन साहू, शैलेन्द्र त्रिपाठी, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, रामअवतार साहू, राकेश कुमार साहू, हेमंत टंडन, अनिल साहू मौजूद थे।

### वरिष्ठजन जीवन की सच्ची पाठशाला

जिला प्रशासन व समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित वरिष्ठ जन सम्मान समारोह मे शामिल यशोदा वर्मा ने वरिष्ठजनों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि इंसान उम्र से नहीं मन से वृद्ध होता है। हमें अपने मन को हमेशा जवान और ताज़ा रखना चाहिए। एक माता-पिता दस बच्चों का पालन-पोषण कर लेते हैं लेकिन आज के समय में अक्सर दस संतान मिलकर भी एक माँ-बाप का भरण-पोषण करने से कतराती हैं यह सोचनीय है।

## जर्जर सड़क से आफत में लोगों की जान



**भर्रीटोला।** मानपुर से कहडबरी होते हुए जिले की सीमा तक रोड पूरी खराब हो गई है। ग्राम पंचायत सिवनी के आसपास सड़क पर कई बड़े गड्ढे हो गए है जिससे आवाजाही करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढे में कई लोग गिर भी जाते है। बीते दिनों मोटर साइकल सवार गड्ढे में गिर कर जख्मी हो गया था। ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। हादसे और लोगों की परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

### अवकाश के दिन भी पढ़ाने की लगन

**भर्रीटोला।** प्राथमिक शाला बोगरेपारा में पदस्थ प्रधानपाठक सदाराम धुर्वे कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए रविवार सहित अन्य अवकाश के दिन भी बच्चों को पढ़ाते हैं। वह गांव के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने पेन, कलम, पहाड़ा, जूता, टाई बेल्ट भी देते हैं। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर श्री धुर्वे ने बच्चों को स्वयं के व्यय से मोजा एवं जूता खरीद कर वितरित किया था। वह प्रतिदिन बच्चों को स्कूल बुलाते है और कामयाब बनाने खूब मेहनत करते हैं।



## बुंदेली एवं खैरबना में दशहरा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत बुन्देली में कल शुक्रवार को विजय दशमी उल्लास के साथ मनाया जाएगा। माता रानी की पूजा अर्चना कर राम लक्ष्मण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। आतिशबाजी के साथ रावण का वध किया जाएगा। आयोजन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खम्हन ताम्रकार, दिवाकर सोनी शामिल होगें। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए धरोहर महादेव हिरवानी कन्हारपुरी राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खैरबना में भी दशहरा मनाया जाएगा। अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, खम्हन ताम्रकार, डोमारसिंह, मोतीलाल जंघेल, चंचला तीजें धुर्वे शामिल होंगे। ग्राम में लोक रंजनी देहानडीह का कार्यक्रम रखा गया है।

## डंगोरा नदी में स्वच्छता अभियान



**डोंगरगढ़।** विश्व नदी दिवस के मौके पर एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम अंतर्गत समर्थ चौरिटेबल ट्रस्ट ने डंगोरा नदी स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया। नदी संरक्षण, जलस्रोतों की शुद्धता और पर्यावरण संतुलन के प्रति ग्रामीणों को प्रेरित करने आयोजित कार्यक्रम में समर्थ ट्रस्ट की टीम के प्रोजेक्ट मैनेजर भायासिंग झारे, नंदलाल साहू, सुरेश गोस्वामी तथा प्रिया आनंद आदि ने भाग लिया। सभी ने नदी किनारे व्यापक सफाई अभियान चलाया। प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्ट हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### शोक संतप्त परिवार से मिले पूर्व सांसद अभिषेक

**राजनांदगांव।** भाजपा ग्रामीण (पश्चिम) मंडल अध्यक्ष व राजनांदगांव तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष मनोज साहू ग्राम खैरा (रवेली) निवासी की



माता श्रीमती अनुसूईयाबाई साहू (64 वर्ष) का आकस्मिक निधन बीते दिनों हो गया था। वे अपने पीछे पति नंदलाल साहू व दो पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। पूर्व सांसद सिंह, मनोज साहू के घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाक़ात किया और स्व. अनुसूईयाबाई साहू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### जन कल्याण सामाजिक संस्थान चला रहा विशेष कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** जन कल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव द्वारा जिले में आदिवासी एवं वन पर निर्भर समुदायों के उत्थान हेतु एक विशेष कार्यक्रम



का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत पेसा कानून, सामुदायिक वन प्रबंधन, व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, मनरेगा तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड और आधार कार्ड से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की समुचित जानकारी देना है। कार्यक्रम प्रबंधक हरिश कुमार क्षत्री ने बताया कि प्रारंभिक चरण में 845 परिवारों का घर-घर जाकर बेसलाइन सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसके आधार पर भविष्य में सामुदायिक वन संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन की दिशा में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### साहू समाज के वीरेंद्र अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव।** गैंदाटोला परिक्षेत्र साहू समाज गैंदाटोला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ग्राम खपराभाट निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर भारत लाल



साहू कुहीखुर्द निर्वाचित हुए। संगठन सचिव अनिल कुमार साहू फगडूटोला तथा महिला उपाध्यक्ष कुमेश्वरी गजेन्द्र साहू मातेखेडा एवं संगठन सचिव देवकी साहू निर्वाचित पदों को शांति और सौहार्द्रपूर्ण संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि समाज में युवा एवं नारी शक्तियों के आगे आने से समाज को नया दिशा मिलेगा।

### गंजपारा स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** दुर्गा नवमी के अवसर पर स्थानीय गंजपारा स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय



जनता पार्टी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता की थीम "मोदी का विकसित भारत का स्वप्न" रखी गई। जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को चित्रों में उकेरा। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा प्रभारी रवि सिन्हा, सह प्रभारी प्रवीण शुक्ला, प्रकाश मारकंडे, मंडल महामंत्री अशोक आदित्य श्रीवास्तव, बलवंत साहू, रितेश देवांगन, गितेश गुप्ता, दीपक सिन्हा, भिषम देवांगन, राजा मखीजा, रवि साहू, मनोज मिश्रेकर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिला सहकारी संघ का 44वां आमसभा आयोजित

**राजनांदगांव।** जिला सहकारी संघ मर्यादित राजनांदगांव का 44वां वार्षिक साधारण सभा की बैठक एनएल टंडन उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव



के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। वार्षिक साधारण सभा की बैठक में जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मानपुर-मोहला-चौकी के विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित हुए। सभा में जिला सहकारी संघ राजनांदगांव के प्राधिकृत अधिकारी आलोक सिंह द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सभा में आगामी वर्ष के लिए आय-व्यय बजट, वित्तीय वर्ष 2023-24 का अंकेक्षण टीप प्रस्तुत किया, जिसे सभा में सर्वसम्मति से पारित किया। संस्था के पंजीकृत बायलॉज़ एवं अनुमोदित सेवानियम में संशोधन एवं नवीन प्रावधान की स्वीकृति दी गई। संस्था के सतत वर्ष का ऑडिट भी सहकारिता विभाग से कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। सभा में एनएल टंडन ने सहकारी क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता एवं उनके योगदान की सराहना करते नारी शक्ति का सम्मान करने की अपील की। सभा में विभिन्न सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में आभार प्रदर्शन संघ के प्रभारी प्रबंधक एन. कुमार साहू द्वारा की गई।

### युगांतर में होगा भव्य सभागृह का निर्माण

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में भव्य सभागृह के निर्माण की आधारशिला संस्था के चेयरमैन अजय सिंगी तथा निदेशक सुशील कोठारी



ने रखी। इस दौरान पंडित द्वारा विधि-विधान से मंत्रोच्चार द्वारा भूमि की पूजा कराई गई। जिसमें संस्था के वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, निदेशक नरेंद्र कोटड़िया, विनोद सदानी, डॉ. मोहन पारख, प्राचार्य मधुसूदन नायर, शिक्षकों ने भी भाग लिया। संस्था में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सर्व सुविधायुक्त भव्य सभागृह का निर्माण पूर्व नियोजित था। सत्र 2025-2026 में इसके निर्माण की आधारशिला रखने से शिक्षकगण तथा विद्यार्थीगण काफी आल्हादित हैं। प्रबंधन ने सभागृह के निर्माण का भूमिपूजन कर एक नए अध्याय की शुरूआत की, जो न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों को समृद्ध करेगा, बल्कि अकेडमिक्स उत्कृष्टता को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। सभागृह के निर्माण से न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों को एक आदर्श मंच मिलेगा, बल्कि यह अकेडमिक्स गतिविधियों, सेमिनार, वर्कशॉप और इंटरैक्टिव सेशन के लिए भी अत्यंत उपयुक्त साबित होगा।

## एफआईआर दर्ज कराने थाना पहुंचे कार्यकर्ता

# राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी पर कांग्रेस में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

केरल भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेवन द्वारा एक टीवी चैनल पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को सीने में गोली मारने की धमकी देने का मामला तूल पकड़ गया है। इस विवादित बयान ने कांग्रेसजनों में तीखा आक्रोश पैदा कर दिया है।

गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता थाना पहुंचे और आरोपी प्रवक्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। विधायक ने थाना प्रभारी को चेताया कि यह धमकी न केवल लोकतंत्र और संवैधानिक मर्यादाओं पर हमला है, बल्कि पूरे देश की जनता की सुरक्षा से भी सीधे तौर पर जुड़ा हुआ विषय है।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सदस्य निलंबर वर्मा, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, अरुण भारद्वाज, संदीप सिरमौर, यतेंद्र जीत सिंह, राधेश्याम यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविन्द्र सिंह गहेरवार, सूर्यकान्त यादव, रिंकू महोबिया, सूरज देवांगन, शेखर दास वैष्णव, कन्हैया रजक, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा, हरिदर्शन ढीमर, राजा लहरे, राहुल बंजारे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर तक उठाया जाएगा**

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता का यह बयान उनकी हिंसक मानसिकता और चरित्र की असलियत उजागर करता है। ऐसे बयानों से राजनीति में असहमति के बजाय नफरत और हिंसा का माहौल फैलाने का प्रयास होता है।कांग्रेसजनों ने मांग की कि आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर तक उठाया जाएगा।

# सेवा पर्व कार्यक्रम में कुलपति हुईं शामिल



- गुरुघासीदास विवि बिलासपुर में कार्यक्रम आयोजित

**खैरागढ़।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित सेवा पर्व कार्यक्रम में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति महोदया प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने की।

भारत सरकार के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सेवा पर्व 2025 के तहत विकसित भारत के रंग, कला के संग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत आयोजित चित्रकला कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में निर्णायक के रूप में संगीत विश्वविद्यालय के चित्रकला विभाग के सहायक प्राध्यापक संदीप किंडो, अतिथि व्याख्याता चंदन डेकाटे एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रवि पैकरा उपस्थित थे जिन्होंने प्रतिभागी बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की जांच की। कार्यक्रम के दौरान कार्यशाला में विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि आज के युवा इतने सशक्त हैं कि उन्हें हम जागरूक करें और दिशा निर्देश दें तो ऐसा कोई कार्य नहीं जो संभव न हो। कला एक संवाहिनी है जिसके साथ अगर हम चलते हैं तो हमारा जीवन खूबसूरत हो जाता है। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों को संगीत एवं कला के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें इसकी शिक्षा लेने हेतु प्रेरित किया।

# गांधी जयंती पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी अमर रहें के नारों के साथ गांधी को याद किया गया।

विधायक ने आगे कहा कि गांधी का ग्राम स्वराज और स्वच्छता का संदेश आज भही प्रासंगिक है जितना स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में था। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, अरुण भारद्वाज, संदीप सिरमौर, यतेंद्र जीत सिंह, राधेश्याम यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविन्द्र सिंह गहेरवार, सूर्यकान्त यादव, रिंकू महोबिया, सूरज देवांगन, शेखर दास वैष्णव, कन्हैया रजक, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा, हरिदर्शन ढीमर, राजा लहरे, राहुल बंजारे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**गांधी के विचारों को करें आत्मसात**

इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश को आजादी दिलाई। उनका जीवन हमें सिखाता है कि राजनीति का आधार सेवा और समाजहित होना चाहिए। आज जरूरत है कि हम उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में भाईचारा, समानता और शांति स्थापित करें। गांधी जी के आदर्श ही हमारे लोकतंत्र की असली ताकत हैं।

# मिशन संडे टीम ने बघेल से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनता के मुद्दों को उठाने वाली मिशन संडे टीम ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। संयोजक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज और शेखर वैष्णव शामिल थे। टीम ने बघेल को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और पिछले डेढ़ साल से चल रहे संघर्ष की विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि नगर पालिका चुनाव नजदीक हैं, इसलिए ब्लॉक और शहर स्तर पर संगठन का गठन एवं नियुक्तियां शीघ्र की जाएं, ताकि कांग्रेस भाजपा का मजबूती से मुकाबला कर सके।



**स्थानीय मुद्दों पर मिशन का संघर्ष**

टीम ने बताया कि विधायक यशोदा निलांबर वर्मा के निर्देशन में गठित मिशन संडे ने सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और सफाई जैसे स्थानीय मुद्दों पर लगातार आंदोलन किए हैं, जिनसे अब तक 60% तक सफलता मिली है। साथ ही भाजपा सरकार की गलत नीतियों और विभागीय भ्रष्टाचार के खिलाफ भी टीम सक्रिय रूप से लड़ाई लड़ रही है।

**बघेल से विस्तार से चर्चा**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान संगठनात्मक ढांचे, आगामी नगर पालिका चुनाव की रणनीति और जनता के मुद्दों को और तेजी से उठाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान भूपेश बघेल ने मिशन संडे टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनता की आवाज को उठाना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने विधायक यशोदा वर्मा के प्रयासों को भी प्रेरणादायी बताया और मिशन संडे टीम को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

# ग्रामीणों को मुफ्त बिजली योजना की दी जानकारी

- ग्राम पंचायत चकनार में विशेष बैठक आयोजित

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में सोमवार को पंचायत भवन में विशेष बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई।

बैठक में ग्रामीणों को पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री सौर ऊर्जा योजना अंतर्गत पात्र परिवार अपने घरों पर सौर पैनल लगवाकर मुफ्त अथवा रियायती दरों पर बिजली प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना से न केवल बिजली बिलों में बचत होगी बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। योजना का लाभ लेने आवेदन प्रक्रिया सरल है। तथा पंचायत स्तर पर ही मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना से गाँव में बिजली की सतत उपलब्ध होगी। बैठक में विद्युत विभाग के सहायक अभियंता एम विश्वकर्मा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग, सरपंच वंदना लालचंद पटेल, पटवारी अंकित बिसेन, भैरव साहू, रूपसिंह पटेल, गौतम कुंजाम, युवराज यादव, पुनीता, खेमिन जंघेल, सानिया बेगम, सजनू राम, शिव साहू, लालचंद पटेल एवं ग्राणीण शामिल हुए।

# मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता अपनाने की शपथ

**राजनांदगांव।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत नगर निगम द्वारा महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम शहर में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन में सभी वर्ग उत्साह से भाग ले रहे है और जहां एक ओर मंदिर, तालाब, उद्यान, चौक-चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई किया जा रहा है। वहीं विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ा जा रहा है। अभियान के तहत पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर



स्वच्छता अपनाने जागरूक करने का संकल्प लिया।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों में पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छोत्सव-स्वच्छ एवं हरित उत्सव थीम पर मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश देते शपथ लिया कि स्वच्छता अपनाएंगे और अपने परिवार व आसपास के लोगों को साफ-सुथरा रखने, डस्टबिन का उपयोग करने गंदगी नहीं फैलाने समझास देंगे तथा स्वच्छता के लिए हर वर्ष 100 घंटे श्रमदान करने, स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के लिए पूरी निष्ठा के साथ समर्पित करने, अपने घरों का कचरा सड़क पर नहीं फेंकने, अपने घरों का गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबीन में रखने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता पर अपनी भावना को पेंटिंग के माध्यम से शीट पर उकेरा और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कर उसकी सुरक्षा करने, जल संरक्षण एवं स्वच्छता अपना बीमारी भगाओ को आत्मसात करने प्रेरित किया। विद्यार्थियों को समझाईस दी गई कि चूंकि बच्चे देश के भविष्य हैं और उन्होंने जब स्वच्छता का अलख जगाने बीड़ा उठाया है तो हमारा देश पूर्ण स्वच्छता की ओर अग्रसर होगा। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बक्शी स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा अध्यापकगण एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## मोदी के जन्मदिन पर कार्यक्रम का आयोजन

# तिलई मंडल में मना सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार और मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर के नेतृत्व में पूरे मंडल में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज आठवां, नौवा व दसवां कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी के चैलचित्र में दीप प्रज्वलित कर हार-माला अर्पित कर प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत गमछा, हार-माला पहनकर किया गया। मंडल अध्यक्ष परदेशी



सोनबोईर ने मंच संचालन करते बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन देशभर में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज हमने भी कार्यक्रम का आयोजन किया है।

इस अवसर पर शीला टाकेश सिन्हा, ललिता साहू, मंजू चंदेल, राकेश साहू, यशवंत वर्मा, शेखर यदु, टाकेश सिन्हा, राजेश्वरी साहू, डीगेंद्र सिन्हा, हरिचंद सिन्हा, पूनम देवागंन, गोपी साहू, महेश यदु, रामकुमार वर्मा, दिनेश ठाकुर, परमानंद सिन्हा, जितेंद्र, डीडी साहू, ब्रिलियंट साहू, सूर्यकांत भंडारी, मिलाप यदु, मोहन साहू, दुर्जन देवांगन, पंकज वर्मा, ईश्वर साहू, माहेश्वरी साहू, संगीता साहू, सुनंदा क्षत्री, शारदा साहू, उमाशंकर साहू, हेमंत लहरे, सन्नी साहू, डोमर साहू, गिरवर साहू, शशिकला बंजारे, नंदनी सेवता, कमल वर्मा, वेदव्यास साहू, गणेश साहू, अशोक सिन्हा, रवि साहू, राजकुमार देवांगन, रिखी सेन, महेश सेन आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

**विभिन्न कार्यक्रम आयोजित**

मुख्य अतिथि खूबचंद पारख ने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, चाहते तो अपना जन्मदिन टीवी, पेपर सोशल मीडिया में विभिन्न प्रखर के खर्चों प्रचार-प्रसार के माध्यम से मना सकते थे, लेकिन नहीं उन्होंने ये सब करने से मना कर दिया और कहा जन्मदिन मनाना है तो सेवा के माध्यम से मनाओ, स्वास्थ्य शिविर लगाओ, पेंड लगाओ, खेल करवाओ, दिव्यांग लोगों को दिव्यांग उपकरण दो, रक्तदान शिविर करने, चित्रकला करवाओ आदि प्रकार से मनाने कहा और आज देशभर में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

### सेवा पखवाड़ा के समापन पर संगोष्ठी



**गंडई पंडरिया।** भारतीय जनता पार्टी गंडई मंडल ने सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक) के समापन अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। इस उपलक्ष्य में मंडल द्वारा दोनों पुरोधाओं के विचारों और जीवनी पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और निष्ठावान कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीवन दास रात्रे और जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादा जीवन और जय जवान, जय किसान के नारे से जुड़ी प्रेरणादायक जीवनी पर प्रकाश डाला। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महामंत्री लीला राम साहू और रजेलाल पटेल, मंडल कोषाध्यक्ष राकेश जायसवाल, नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष धरमु पटेल, मंडल उपाध्यक्ष रवि भावनानी और कमलेश जंघेल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मंगल जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष भानुप्रताप साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजली देवांगन, उमा चौबे, आशा कुरे, सोनिया दुबे, रूखमणी साहू और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निगम प्रशासन और पार्षद के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोश

# पानी, बिजली और गंदगी से त्रस्त गोकुलधाम सोसाइटी की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गोकुल नगर के पीछे स्थित गोकुलधाम सोसाइटी में समस्याओं का अंबार है। यहां सोसाइटी के मुहाने में ही बगल की सरकारी कॉलोनी के सेप्टिक टैंक का पानी सड़क पर भरा रहता है, जिसे पार कर जाने की मजबूरी होती है। वहीं कॉलोनी के भीतर भी कई समस्या व्याप्त है। जिसको लेकर यहां की महिलाओं में खासा आक्रोश है। कई बार नगर निगम और पार्षद को शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

शहर के कौरिनभाठा क्षेत्र स्थित गोकुलधाम सोसाइटी के लोगों में नगर निगम और स्थानीय पार्षद को लेकर आक्रोश नजर आ रहा है। यहां कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर ही शासकीय कॉलोनी का बड़ा सेप्टिक टैंक है। जिसका ठेकेदार की लापरवाही के चलते आधा-अधूरा निर्माण दिखाई देता है। इस सेप्टिक टैंक का बाहर से प्लास्टर नहीं किया गया है। टैंक के ऊपर ढक्कन भी नहीं लगाया गया है। वहीं टैंक से निकलने वाले पानी को नाली तक पहुंचाने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। जिसकी वजह से यह गंदा पानी कॉलोनी के मार्ग पर ही भरा रहता है। जिससे बदबू और गंदगी के चलते लोगों को काफी समस्या हो रही है।



### समस्या हल नहीं होने पर आंदोलन

इस कॉलोनी में बड़ी संख्या में बुजुर्ग भी निवासरत हैं, जिन्हें आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम प्रशासन को भी कई बार आवेदन के माध्यम से समस्याओं को दूर करने कहा गया है, लेकिन अब तक यहां समस्या व्याप्त है। जिसको लेकर कॉलोनी के लोग आंदोलन की तैयारी भी कर रहे हैं।

### पेयजल के लिए भी होती है समस्या

गोकुलधाम सोसाइटी के सामने नाली निर्माण नहीं होने की वजह से यहां पानी भरा रहता है। वहीं कॉलोनी के भीतर भी स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी है। एक तरफ शासन द्वारा हर घर नल से जल जैसी योजना चलाई जाती है। वहीं दूसरी ओर शहर के बीच इस कॉलोनी के किसी भी घर में नल नहीं है। वह बोर के पानी से ही अपना गुजारा करते हैं। गर्मी के दिनों में बोर सूखने पर समस्या होती है।



### टैक्स लेते हैं पर सुविधा कुछ भी नहीं

गोकुलधाम सोसाइटी की स्मिता उपाध्याय और रसिक सोनी सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि वर्ष 2015 में नगर निगम को यहां कॉलोनी हैंडओवर की गई है। वह जलकर, संपत्ति कर सहित सभी प्रकार के टैक्स नगर निगम में जमा करते हैं, लेकिन सुविधा कुछ भी नहीं मिलती है। यहां पेयजल भी नहीं पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पेयजल के लिए अमृत मिशन के तहत पाईप लाइन बिछाई गई थी, लेकिन बिछी हुई पाईप लाइन को भी खोदकर वापस निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 45 के पार्षद डुरेंद्र साहू को भी कई बार समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया।

# 350वीं शताब्दी शहीदी यात्रा का आज नांदगांव आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सिख समाज छत्तीसगढ़ द्वारा हिंद की चादर नौवें गुरु श्री गुरु तेगबहादुर साहेब जी की 350वीं शताब्दी शहादत को समर्पित 10 दिवसीय शहीदी यात्रा आज रायपुर से आरंभ हो रही है। संयोजक स. महेंद्र सिंह छाबड़ा (पूर्व कैबिनेट मंत्री, छग अल्प संख्यक आयोग) द्वारा प्रदत जानकारी अनुसार यात्रा दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, बेमेतरा, मुंगेली, कुंडा, कवर्धा, पंडरिया, लोरमी, तखतपुर, बिलासपुर, चांपा, कोरबा, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, अंबिकापुर, पत्थलगांव, रायगढ़, बसना, पिथोरा, बागबाहरा, महासमुंद, राजिम, धमतरी, अभनपुर, आरंग, बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा के सभी गुरुद्वारा /सिंघ सभा होते हुए वापस रायपुर 12 अक्टूबर पहुंचेगी।

उल्लेखनीय है कि 350 साल पूर्व हिंदू धर्म की खातिर, तिलक और जनेऊ की रक्षा के लिए शहादत देने के कारण ही श्री गुरूतेग बहादुर साहेब को हिंद की चादर के सम्मान से संबोधित किया जाता है। रायपुर से 3 अक्टूबर सुबह आरंभ यह शहीदी यात्रा भिलाई, दुर्ग से होते राजनांदगांव में लगभग 3.30 बजे भाजपा कार्यालय से सर्विस रोड में प्रवेश करेगी। महावीर चौक तक यात्रा कारों वाहनों से भी पहुंचेगी। यहां से यह शहीदी यात्रा समूह संगत भाई-बहनों के साथ पंज प्यारो की अगुवाई नगर-कीर्तन के रूप में जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक से गुरुद्वारा साहिब पहुंचेगी, जहां समूह सिख संगत तथा नगरवासियों द्वारा भावभीना स्वागत तथा सत्कार किया जाएगा। संगत यहां ऐतिहासिक हस्त-लिखित गुरु ग्रंथ साहिब तथा गुरुओं के प्राचीन शस्त्रों के दर्शन करेंगी। प्रसाद वितरण तथा स्वल्पाहार उपरांत यह यात्रा गुरुद्वारा तुमड़ीबोड होते डोंगरगढ़ पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम उपरांत कवर्धा प्रस्थान करेगी।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा राजनांदगांव प्रबंधक कमेटी ने समूह सिख संगत भाइयों-बहनों के साथ समस्त नागरिकगणों, संस्थाओं से निवेदन किया है कि कल 3 अक्टूबर महावीर चौक तथा गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर शहीदी यात्रा का स्वागत सत्कार पूर्ण श्रद्धा के साथ करें।

### कलेक्टर ने राष्ट्रपिता गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को कलेक्टोरेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जनतो..., रघुपति राघव राजाराम का गायन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को नशामुक्ति के लिए संकल्प दिलाया। इस मौके पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जयंती पर किया माल्यार्पण



**राजनांदगांव।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रमोद बागड़ी ने महात्मा गांधी पर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गांधी आध्यात्मिक नेता थे। उन्होंने सत्य-अहिंसा के सिद्धांत पर भारत को आजादी दिलाई। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ नांदगांव से डॉ. आनंद वर्गीस, संदीप सिंह, नंदकिशोर खंडेलवाल, दिलीप पात्रे ने माल्यार्पण किया।

## कराते खिलाड़ियों ने हासिल किए पदक



**राजनांदगांव।** शिकोकाई शितोरियू कराते डू इंटरनेशनल एवं राजनांदगांव मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा 29 सितंबर को कस्तूरबा मंडल हाल में जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कमल कराते अकादमी कराते स्कूल ममता नगर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर स्कूल पदक प्राप्त किया। अपूर्वा नाथ काता में स्वर्ण पदक व कुमीते में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं आदित्य देवांगन काता में कास्य पदक, लब्यांश लहरी काता कास्य व कुमिते में कास्य पदक, शुभता श्रीवास्तव काता में कास्य तथा रस्मी गंगबेर कुमिते में कास्य पदक प्राप्त किया। वहीं काजल यादव रेफरी व सहायक कोच थलेश्वरी मेश्राम रही।

## निगम में मनी गांधी व शास्त्री जयंती



**राजनांदगांव।** नगर निगम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित की गई। महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत शैकी बग्गा, मुकेश साहू, प्रमोद झंझाडे, झामित नादान सेन, रवि सिन्हा, दीपक खांडे द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवल किया गया। इसके अलावा निगम पदाधिकारियों ने पुराना बस स्टैंड स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

# शताब्दी वर्ष पर आरएसएस ने किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा इस वर्ष अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आज विजयादशमी के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने कदमताल करते अपने अनुशासन, साहस और शौर्य को प्रदर्शित किया।

आरएसएस स्थापना दिवस की शताब्दी वर्षगांठ पर शहर के अलग-अलग जगह पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भी सुबह पूजा-अर्चना कर ध्वज वंदना की गई और फिर पथ संचलन किया गया।



### विजयादशमी पर हुई थी स्थापना

वर्ष 1925 को विजयादशमी के दिन आरएसएस की स्थापना हुई थी। संघ में इस दिन शारीरिक दक्षता प्रदर्शन और शास्त्रों की पूजा की जाती है। किसी कड़ी में संघ द्वारा आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पथ संचलन शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस आयोजन में पार्षद शैंकी बग्गा, राधेश्याम गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मवेशी से अमानवीय कृत्य आरोपी पुलिस कब्जे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ कड़ी कार्रवाई की मांग

मवेशी से अमानवीय कृत्य करने का मामला सामने आया है। यह मामला सोशल मीडिया में भी फैलने लगा। आरोपी को हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने डोंगरगढ़ पुलिस के हवाले किया है।

बताया गया कि डोंगरगढ़ क्षेत्र में सीसीटीवी वीडियो तेजी से वायरल हुआ। जिसमें एक युवक मवेशी के साथ अनाचार करता हुआ साफ नजर आ रहा है। जिससे शहर में आक्रोश की लहर दौड़ गई। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक को खुद पकड़कर सड़कों पर घुमाते हुए डोंगरगढ़ थाना लेकर पहुंचे और पुलिस को सुपुर्द करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान थाना परिसर में भी कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## खादी के वस्त्र की खरीदी...



**राजनांदगांव।** शहर के जयस्तंभ चौक में स्थित खादी वस्त्र भण्डार में खादी के वस्त्र खरीदकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने अपने साथ-साथ सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव सहित जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत को खादी के कपड़े की खरीदी करवाई।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता सप्रा 6 से तीनों जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषित संगठन सृजन कार्यक्रम अंतर्गत जिला अध्यक्षों के चयन हेतु एआईसीसी से पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के लिए मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सप्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सप्रा के साथ पूर्व मंत्री उमेश पटेल, विधायक संदीप साहू एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर सह-पर्यवेक्षक के रूप में रहेंगे।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि श्री सप्रा 5 तारीख को राजनांदगांव में रात्रि विश्राम कर 6 से 9 अक्टूबर तक जिला कांग्रेस अंतर्गत विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला,जनपद, नगर पालिक, नगर पंचायत पदाधिकारियों युवा कांग्रेस, एनएसयूआई महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल सहित कांग्रेस के अनुसांगिक संगठनों की बैठक लेंगे। श्री दुबे ने बताया कि 6 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला कांग्रेस ग्रामीण व शाम 5 बजे से शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनादगांव अंतर्गत वरिष्ठ कांग्रेसजनों विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, पूर्व महापौर, निगम अध्यक्ष, पार्षद, पूर्व पार्षद, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस सहित अनुसांगिक संगठनों की बैठक लेंगे। श्री दुबे ने बताया कि 7 अक्टूबर को श्री सप्रा सुबह 11.30 बजे मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की बैठक लेंगे। तत्पश्चात वे 4.30 बजे डोंगरगांव विधानसभा में कांग्रेसजनों की बैठक कांग्रेस भवन में रायशुमारी करेंगे। 8 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की बैठक खैरागढ़ में लेकर रायशुमारी करेंगे। 9 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे खुज्जी विधानसभा की बैठक छुरिया साहू भवन में लेकर रायशुमारी कर अपरान्ह 4.30 बजे डोंगरगढ़ विधानसभा की बम्लेश्वरी मंदिर हाल में बैठक लेंगे। 10 अक्टूबर को राजनांदगांव में सामाजिक संगठनों, बार एसोसिएशन, व्यापारी संगठनों, प्रेस एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों से रायशुमारी करेंगे।

# पुलिस अधीक्षक ने की विजयादशमी पर अस्त्र-शस्त्रों की पूजा



**राजनांदगांव।** बुराई पर अच्छाई की विजय और असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक विजयादशमी के अवसर पर राजनांदगांव शहर के पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन किया गया। शस्त्र पूजन में एसपी मोहित गर्ग सहित अन्य अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में विधि -विधान से मां दुर्गा की आराधना की गई।

वर्षों पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हुए आज विजयादशमी के अवसर पर शहर के पुलिस लाइन में शस्त्रों और वाहनों की पूजा की गई। यहां पुलिस ने अपने सभी प्रकार के अस्त्र, शस्त्रों को रखकर बुराई के खात्मे और लोगों की सुरक्षा की शक्ति देने की शक्ति की देवी मां दुर्गा से कामना की।

### पुलिस अधिकारियों ने किया हर्ष फायर

देश - प्रदेश व लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले शस्त्रों की पूजा के माध्यम से पुलिस अधिकारियों ने देश में शांति और भाईचारे की कामना की। इस अवसर पर राजनांदगांव एसपी मोहित गर्ग ने दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परंपरा अनुसार विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा संपन्न हुई और हर्ष फायर किया गया।

## सुमित राठौर का निधन



**राजनांदगांव।** अनुपम नगर निवासी सुमित राठौर का गुरुवार को हृदयगति रूक जाने के कारण निधन हो गया। वे 41 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर उनके निवास स्थान से निकाली गई। लखोली स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# नवरात्रि में श्रद्धालुओं ने की जमकर सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शारदीय क्वांर नवरात्रि में मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों की मुस्लिम समुदाय ने सेवा की। टेकाहरदी स्थित एबीस ग्रुप के पंडाल में आपसी भाईचारे का संदेश लिए मुस्लिम धर्मावलंबी पदयात्रियों की आवभगत में कोई कसर नहीं छोड़ा। एक ओर हिन्दू समुदाय शारदीय नवरात्र पर्व के भक्ति में लीन है तो पांच वक्त की नमाज अदा करते मुस्लिम पदयात्रियों की सेवा सत्कार में डटे रहे।

नवरात्र पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शनार्थियों की सेवा-जतन में मध्य भारत का अग्रणी कृषि आधारित उद्योग ''एबीस ग्रुप'' भी हाथ बंटाया। टेकाहरदी में ग्रुप द्वारा बनाए गए पंडाल में भक्तों की सेवा सत्कार में आईबी ग्रुप के जिम्मेदार सदस्यों की ओर से बेहतर इंतजाम किए गए। बताया जाता है कि मां के दरबार में माथा टेकने के लिए पैदल निकले श्रद्धालुओं को ग्रुप के जरिये स्वादिष्ट व्यंजन पोहा, चाय-नाश्ता परोसे गए। सुबह से लेकर देर रात तक नाश्ता और भोजन का पुख्ता इंतजाम किया गया वहीं व्रतधारी श्रद्धालुओं के लिए उपवास के खानपान से भक्तों की थकान दूर की गई। एबीस ग्रुप की ओर से नवरात्र पर्व पर विशेष ख्याल रखने पंडाल में अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई। ग्रुप की ओर से बताया गया है कि हर साल दोनों नवरात्रि के मौके पर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते भक्तों की सेवा जतन में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती है। इस सेवा में शेख ग्यासुद्दीन, शेख नवाबुद्दीन, सिराज मोहम्मद अशरफी, शकील सिद्दीकी आदि मुस्लिम भाईयों का सहयोग मिला।



### दोनों नवरात्र में किया जाता है इंतजाम

आईबी ग्रुप के कार्यपालक निदेशक अंजुम अल्वी ने बताया कि विगत 42 वर्षों से पूर्व से ही रायपुर नाका स्थित वर्कशॉप में पदयात्रियों के लिए एबीस ग्रुप के चेयरमेन सुल्तान अली, प्रबंध निदेशक बहादुर अली द्वारा मटकों में शीतल जल व शरबत, फलों का इंतजाम किया जाता रहा है और अब लगातार विगत 22 वर्षों से दोनों नवरात्रि पर्व पर ग्राम टेकाहरदी में भव्य पंडाल लगाकर पदयात्रियों के आराम करने हेतु गद्दे, पंखा, कूलर, भोजन, नाश्ता, संगीत आदि का सुव्यवस्थित इंतजाम किया जाता है, जो हिन्दू-मुस्लिम एकता की एक शानदार मिसाल है।



**खबर संक्षेप**

### महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाया गया

**हरिभूमि कोलेगांव।** आजादी संग्राम के महानायक, अहिंसा के पुजारी, महान संदेष्टा, त्याग और एकता का महासूत्र प्रदान करने वाले, सरल एवं आदर्श जीवन के परिचायक तथा महान राष्ट्रभक्त, साबरमती के सन्त, दर्शन और विचार के उपासक, पूरे विश्व में सत्य व अहिंसा के प्रेरणास्त्रोत, भारत व भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनैतिक, आध्यात्मिक नेता, विश्व भर में सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उनके तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर धूमधाम से 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती मनाई गई।

# कोलेगांव से हथमुड़ी मार्ग बना मुसीबत, गड्ढों में तब्दील पीएम सड़क, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इन दिनों अपनी दुर्दशा की कहानी खुद बयां कर रही है। कागजों पर सड़क मरम्मत की घोषणा भले ही हो चुकी हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। सड़क की हालत इतनी बदत्तर हो चुकी है कि अब यह मार्ग सड़क कम और तालाब अधिक नजर आता है। बरसात के दिनों में तो यह पूरी तरह से जलभराव का शिकार हो जाता है, जिससे आने-जाने वालों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से गुजरना अब खुद को संकट में डालने जैसा हो गया है। कोलेगांव से हथमुड़ी तक लगभग पांच किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। गड्ढों में पानी भर जाने से न तो वाहन चलाना सुरक्षित है और न ही पैदल चलना आसान। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन दोपहिया वाहन फिसलने से लोग घायल हो रहे हैं। वहीं स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र छात्राओं और महिलाएं सबसे अधिक परेशानी झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संजीवनी वाहन 108 और 102 जैसी एम्बुलेंस सेवाएं भी इस उबड़-खाबड़ सड़क पर रेंग-रेंग कर चलने को मजबूर हैं। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जब कांग्रेस सरकार थी, तब भाजपा के लोग सड़कों की दुर्दशा को लेकर प्रदर्शन करते थे, मगर अब खुद सत्ता में आने के बाद भी सड़क सुधार की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। मरम्मत के नाम पर न तो एक ट्रिप गिट्टी डाली गई है, न ही मुरूमीकरण या बजरी बिछाई गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी और ठेकेदार केवल कागजी खानापूर्ति कर रहे हैं, जबकि जमीन पर एक फावड़ा मिट्टी तक नहीं मिली है।



#### ग्रामीणों व राहगीरों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी

इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग पंडरिया और आसपास के गांवों तक आते-जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क खराब होने से अब कई वाहन चालक इस रास्ते से गुजरने से कतराने लगे हैं। इससे लोगों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करवाई जाए और गड्ढों में मुरूमीकरण या बजरी डाली जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। यदि तत्काल मरम्मत संभव नहीं है, तो जेसीबी मशीन से सड़क को समतल कर कम से कम आवागमन लायक बनाया जाए।

#### जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो सामूहिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि घोषणाओं और कागजी योजनाओं से जनता को अब भरोसा नहीं रहा। अब जनता को दिखावे नहीं, बल्कि वास्तविक कार्य चाहिए। ग्रामीणों की पीड़ा अब केवल शिकायत तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह उनकी रोजमर्रा की मजबूरी बन चुकी है। सड़क की जर्जर हालत ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की साख पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सड़क ठीक नहीं होती, तब तक विकास की बात करना बेमानी है, क्योंकि सड़क ही हर विकास की पहली कड़ी है।

### नगर में अधोसंरचना से विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ की सौगात मिली

# विजयादशमी पर विधायक ने पंडरिया नगर को दी विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



विजयादशमी के अवसर पर पंडरिया नगरवासियों को नगर में अधोसंरचना, प्रकाश व्यवस्था एवं विभिन्न विकास कार्यो के लिए 1 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। नगर में मूलभूत सुविधाओं, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, चौक निर्माण जैसे विभिन्न विकास कार्यों के लिए अधोसंरचना मद के तहत 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त कर नगरवासियों को बधाई दी। पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहें है। सौन्दर्यीकरण से लेकर आम जनता की सुविधाओं हेतु सड़क, नाली, पुल-पुलिया निर्माण, प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाइट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए पंडरिया नगर एवं विधानसभा में करोड़ों के विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि पंडरिया नगरवासियों की सुविधा एवं नगर के विकास को गति देने के लिए आज विजयादशमी के शुभ अवसर पर 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षो तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे, वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। आम जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वहीं शहरी क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए अधोसंरचना विकास व सौन्दर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण तथा सुगम आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। कई विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं कई विकास कार्य प्रगति पर हैं, जिसमें पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है और विकास कार्य धरातल पर दिख रहें हैं जिससे जनता में भी एक नया आत्मविश्वास दिख रहा है।

#### अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो को गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध




उन्होंने कहा कि जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो को गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसके पूर्व भी पंडरिया नगर में पेयजल की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सड़कों के निर्माण और मरम्मत, पीएम आवास, हरिनाला पुल निर्माण जैसे विकास कार्यो की सौगात नगरवासियों को मिली है। वहीं महाविद्यालायिन्न छात्राओं हेतु निःशुल्क बस सेवा के शुभारम्भ अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिषर निर्माण और नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग बिसेसरा से पंडरिया तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य की सौगात दी है। जनता को सुविधाओं और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले यही हमारा लक्ष्य है। निरंतर विकास कार्यो की स्वीकृति, उनके क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के साथ उच्च गुणवत्ता से हो रहें अधोसंरचना निर्माण कार्यो से आज पंडरिया नगर की तस्वीर बदल रही है। नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना, नगर को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाना यही हमारा लक्ष्य है जिसके लिए हम अनवरत प्रयास कर रहें हैं।

#### इन विकास कार्यो को मिली स्वीकृति

नगर पालिक परिषद, पंडरिया अंतर्गत अलीपुर वार्ड 10 में सीसी रोड़ निर्माण, गौरेया चौक निर्माण, चांदनी चौक से छाबड़ा मोबाईल दुकान तक स्ट्रीट लाईट विस्तार, मोतिमपुर क्षेत्र वार्ड क्रमांक 10 में हाफ राउंड नाली निर्माण, अनुसूचित जनजाति नवापारा से चांदनी चौक मेडिकल स्टोर तक स्ट्रीट लाईट, चांदनी चौक से अलीपुर तक स्ट्रीट लाइट विस्तार, रौहा क्षेत्र वार्ड क्रमांक 09 में स्ट्रीट लाईट, मोर पंडरिया चौक निर्माण, कुबाखुर्द वार्ड क्रमांक 10 में स्ट्रीट लाईट, यश फुट वेयर से जायसवाल डॉक्टर के घर तक स्ट्रीट लाईट विस्तार एवं हाफ नदी के पास से कॉलेज रोड तक स्ट्रीट लाईट विस्तार की विकास कार्यो की स्वीकृति मिली है। जिससे नगर में प्रकाश व्यवस्था, नाली व सीसी रोड निर्माण, चौक-चौराहों का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण के कुल 11 निर्माण कार्यो हेतु अधोसंरचना मद से 1 करोड़ रुपए की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा दी गई है।

# 52 लाख की लागत से बना मिनी स्टेडियम शोपीस, उद्घाटन अधर में

### ग्रामवासियों की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं, सिर्फ आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में 52 लाख की लागत से निर्मित मिनी स्टेडियम उद्घाटन की प्रतीक्षा में शोपीस बना हुआ है। अधूरे कार्यो और भारी लापरवाही के चलते युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि शासन प्रशासन के कागजों में स्टेडियम को पूर्ण बताया जा रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि यहां कई काम अधूरे हैं। भवन निर्माण में अब तक बिजली की व्यवस्था नहीं की गई है, न ही मैदान में मुरूमीकरण किया गया है और न ही घास लगाई गई। पुराने मुक्तिधाम के बोर को ही स्टेडियम का बोर दिखाया गया, जबकि नया बोर खनन अभी तक नहीं हुआ। रात में पूरा परिषर अंधेरे में डूबा रहता है।

बताया जाता है कि जनसमस्या शिविर में ग्रामीणों ने इस मुद्दे को विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जनपद पंचायत सीईओ और एसडीएम के समक्ष रखा था। जिस पर जांच में अधूरे कार्य की पुष्टि भी हुई थी, लेकिन कार्यवाही आज तक नहीं हुई और सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे हैं। जिस पर स्थानीय युवाओं का कहना है कि मिनी स्टेडियम बनने से बड़े स्तर पर खेल आयोजनों की उम्मीद थी, लेकिन अधूरे निर्माण ने उनकी खुशियों पर पानी फेर दिया।

अब यह 52 लाख रूपए की लागत से बनी स्टेडियम खेल मैदान की जगह युवाओं के लिए निराशा और उपेक्षा का प्रतीक बन गया है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि अधूरे कार्यो को तत्काल पूर्ण कराया जाए ताकि कोलेगांव व आसपास के गांवों के युवा इस मिनी स्टेडियम का सही लाभ उठा सकें।

### नवरात्रि का समापन, नौ दिन रहा कुण्डा क्षेत्र में भक्तिमय माहौल



**हरिभूमि कुण्डा।** शारदीय नवरात्रि में नौ दिन मां दुर्गा की भक्ति और साधना में डुबा रहा। वही ग्राम कुण्डा बुधवार को हुम-हवन एवं कन्या पूजन के साथ आस्था के अद्भुत दृश्य का साक्षी बना ग्राम के ज्यादातर प्रमुख देवी-मंदिरों में मातृशक्ति के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच महाअष्टमी में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर एवं दुर्गा पंडालों में उमड़ी। आस्था, उल्लास व परंपरा को जीवंत कर दिया। महाअष्टमी पर जगह-जगह प्रसादी एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम कुण्डा में 10 स्थानों पर मां दुर्गा प्रतिमा एवं दो जगहों पर भैरव बाबा की प्रतिमाएं विराजमान थे, इन जगहों पर विराजमान मां दुर्गा एवं भैरव बाबा साहू पारा हाई स्कूल के सामने सोसायटी रोड बस स्टैंड, कबीर मंदिर चौक थाना के सामने, जगमल चौक, रामपुर पारा, दैहान पारा, मेन रोड, बाब्बा डेरा के पास मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। वहीं गैस एजेंसी के पास एवं चंद्राकर किराना स्टोर के पास भैरव बाबा की प्रतिमाएं विराजमान किए थे। कुण्डा के प्रमुख दर्शनीय स्थल एवं मंदिर 300 वर्ष पुरानी मां महामाया मंदिर, शक्ति चौरा, ठाकुरदेव, हरदेव लाल ब्रह्मदेव, प्राचीन शिव मंदिर, जगमल चौक, बजरंगबली मंदिर, थाना के सामने, श्रीराधाकृष्ण मंदिर, कबीर मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर, तालाब पार, पारधि पारा, शिवनगर, संकटमोचन मंदिर, हाई स्कूल, सतबहिनीया मंदिर, धापपार में मुख्य रूप से जहां भक्तजनों द्वारा नवरात्रि पर्व पर नौ दिनों तक में दर्शन, पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ था।

# भाजपा मण्डल कुण्डा ने महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जयंती मनायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा ने मण्डल मुख्यालय कुण्डा में मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जयंती धूमधाम से मनाया गया। भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम कुण्डा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री का जयंती मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में भारत माता चौक में महापुरुष महात्मा गांधी एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैलीय चित्र में माल्यार्पण कर एवं पूजा अर्चना कर जयंती मनाया गया। गांधी एवं शास्त्री के जयंती के अवसर पर भारत माता चौक में स्वच्छता अभियान चलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौक चौराहे, बस स्टैंड, धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया एवं स्वच्छ भारत स्वच्छ छत्तीसगढ़ स्वच्छ कुण्डा के लिए नागरिकों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया।



इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, साहेब लाल सोनवानी, देवेंद्र चंद्रवंशी, सूरज यादव, प्रताप सेन, रामनाथ चंद्राकर, लवकुश साहू, पन्ना साहू, राजेश यादव, सूरज यादव, साजन सारथी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# जस गीतों के साथ मां दुर्गा प्रतिमाएं व जोत ज्वांरा विसर्जन की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव की मां महामाया, में शीतला मंदिर में ग्रामीणों व आसपास के क्षेत्रवासियों द्वारा 150 आस्था के ज्योत ज्वांरा ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। वहीं गुरूवार को शारदीय नवरात्रि पर्व के नवमी को श्रद्धा-भक्ति के साथ मां महामाया व मां शीतला मंदिरों में जोत ज्वांरा कलश जस-गीतों के साथ नगर भ्रमण कर विसर्जित की गई। इस दौरान ग्रामीणों व भक्तजनों द्वारा माता रानी की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए गांव में सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना किया गया। भक्तजनों द्वारा एक झलक पाने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

# वृद्ध दिवस पर शिक्षक तुलस व शिक्षिका यक्ष ने वृद्धजनों का सम्मान कर आर्शीवाद लिया

- सभी बड़ों बुजुर्गों का आरती उतारकर फूल-माला पहनाकर श्रीफल, गमछा व साड़ी भेंट किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर व्याख्याता तुलस चंद्राकर तथा शिक्षिका श्रीमती यक्ष चंद्राकर द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी ग्राम मेहंदी के 23 वृद्ध जनों का सम्मान समारोह का आयोजन कर सभी बड़ों बुजुर्गों का आरती उतारकर फूल-माला पहनाकर श्रीफल, गमछा व साड़ी भेंटकर आर्शीवाद प्राप्त किया। शिक्षक तुलस ने बताया प्रतिवर्ष इस दिवस पर वृद्ध जनों का सम्मान पिछले सात वर्षो से करते आ रहे है, इस बार बहुत ही सौभाग्य की बात है कि नवरात्रि के पावन अवसर पर यह दिवस पड़ा है। आज एक मंच मां दुर्गा पंडाल के सामने तैयार कर सभी वृद्ध जनों को आमंत्रित कर उनका एक छोटा सा कार्यक्रम सम्मान समारोह आयोजन कर सभी बड़े बुजुर्गो से आर्शीवाद प्राप्त किया और इन्हीं के परिणाम है कि मैं अपने गांव से लेकर के दिल्ली तक जाने के एक परम ऊंचाई को शिक्षा के क्षेत्र में पाया हूं और मुझे पूरा विश्वास है सभी वृद्ध जनों का मेरे ऊपर हमेशा आर्शीवाद है और रहेगा। इस कार्यक्रम में मां दुर्गा समिति बैगा चौक कें सदस्य द्वारा सभी वृद्धजनों से आर्शीवाद प्राप्त किया तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनका भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।



### 42 वर्ष की सेवा बेदाग सेवा के लिए स्टॉफ ने शुभकामनाएं दी

# रतन यादव को वन विभाग ने दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

महागौरी जगत जननी जगदंबा मातेश्वरी के आशीर्वाद से नवरात्रि के पावन बेला में पूर्व पंडरिया रेंज कार्यालय में 1956 से संचालित जिला कबीरधाम के वन विभाग में 1983 से पदस्थ भृत में सम्मानित रतन यादव ग्राम पंचायत कुण्डा निवासी वन विभाग में लगातार 42 वर्षो से सेवा देते आ रहे, सेवा भावीं एवं उदार भाव के साथ समस्त स्टाफ के बीच में विदाई समारोह वन विभाग के कार्यालय में आयोजित किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से वर्तमान रेंजर महेंद्र जोशी, डिप्टी रेंजर इंद्रावती मरावी के माध्यम से भृत पोस्ट पद में पदस्थ रतन यादव को शाल एवं तिलक लगाकर समस्त स्टाफ द्वारा उनको अलग-अलग सप्रेम भेंट दिए एवं माल्यार्पण कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सभी ने 42 वर्षो से सेवा दे रहे रतन यादव को विदाई देते हुए सभी ने कहा वास्तव में एक बाप अपने बेटे को कैसे दुलार करता है, वैसा ही दुलार हमें अपने वन विभाग में पूर्व रेंज कार्यालय वन विभाग में देखने को मिला। जिसमें गुरूवार को भृत पोस्ट में पदस्थ रतन यादव ने अपनी 42 वर्ष की सेवा देने के बाद वन विभाग से विदाई लिया।

सभी समस्त अधिकारी-कर्मचारी द्वारा उनकी सेवा काल को सराहते हुए हमेशा याद में रखा जाएगा और याद किया जाएगा ऐसा समस्त स्टॉप ने अपने साथी एवं सहयोगी रतन यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व रेंज कार्यालय रेंजर महेंद्र जोशी, डिप्टी रेंजर इंद्रावती मरावी, स्वाति ठाकुर, अरुण दुबे, संतोष शर्मा, दिलीप चंद्राकर, विकास तिवारी, चंद्रकुमार यादव एवं कमलेश पाल द्वारा अपने सहयोगी एवं साथियों को नम आंखों से बिदाई दी।

### झमाझम बारिश से आम नागरिकों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुरूवार को कवर्धा शहर मे तेज गर्जना के साथ हुई झमाझम बारिश से गर्मी से आम नागरिको को राहत मिली। लेकिन दशहरा पर्व पर दूर दराज से आए ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों को सामना करना पड़ा।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**पर्व:** नगर में निकाली भगवान राम और राजा की शाही सवारी, रावण वध करने उमड़ी भीड़

# मौसमी व्यवधान के बीच नगर में हर्षोल्लास से मना वियजादशमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हर बार की तरह इस बार भी मौसमी उथल पुथल और तेज बारिश के बीच धर्मनगरी कवर्धा में विजयादशमी दशहरा पर्व शाही अंदाज में मनाया गया। वैसे तो दशहरा उत्सव का आयोजन नगर की दर्जनो समितियों द्वारा अलग-अलग स्थानो में किया गया था। लेकिन वर्षो पुरानी परम्परा के अनुसार मुख्य आयोजन कवर्धा राज परिवार का ही रहा है।

राजपरिवार द्वारा गुरूवार को आयोजित इस दशहरा उत्सव में कवर्धा नगर सहित समूचे जिले भर के हजारों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अधर्म पर धर्म के, असत्य पर सत्य के तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशी धूमधाम व हर्षोल्लसा के साथ मनाया। उल्लेखनीय है कि कवर्धा नगर में राज परिवार द्वारा विजयादशमी का पर्व शाही अंदाज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस शाही दशहरे में राज परिवार के सदस्य तो शामिल होते ही हैं साथ ही उनकी प्रजा भी उनकी हमराह होती है।

आज भी विजयादशमी के अवसर पर राजा की सवारी राजसी ठाठ-बाठ के साथ नगर भ्रमण के लिए निकलती है। सजे-धजे रथ में राजा और युवराज राजसी पोशाक धारण किए चलते हैं। रथ में सवार राजपुरोहित वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हैं। उनके आगे राम लक्ष्मण व हनुमान का रूप धारण किए तीन बालक भी एक दूसरे रथ में सवार होते हैं। राजा का यह काफिला बैंडबाजे, आतिशी धमाकों तथा मांदर की थाप के बीच हौले-हौले सरदार पटेल मैदान पहुंचता है। जहां भगवान राम तथा महाराजा योगेश्वर राज सिंह, युवराज मैकलेश्वर राज सिंह बुराई के प्रतीक माने जाने वाले रावण का पुतला दहन करते हैं। तत्पश्चात अपनी जीत का जश्न मनाने राजा का विजय जुलूस नगर भ्रमण पर निकलता है। जुलूस के पीछे हजारों की संख्या में प्रजा उनके साथ होती है। विजय जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस राजमहल पहुंचता है।

जहां महाराजा का दरबार लगता है और अंचल से आई प्रजा अपने राजा को भेंट स्वरूप कुछ न कुछ देती है तथा उनसे आशीर्वाद लेते है। यह परम्परा वर्षो पुरानी है। लेकिन इस आयोजन के प्रति न तो राज परिवार का उत्साह कम हुआ है और न ही नगर व जिले के ग्रामीणों का। वे आज भी उतने ही जोश और हर्षोल्लास के साथ आयोजन में हिस्सा लेते हैं। इस बार भी लोगों की यही आस्था विजयादशमी पर्व और राज परिवार के प्रति दिखी। लोगों ने भगवान राम और अपने राजा के साथ मिलकर बुराई के प्रतीक माने जाने वाले रावण का वध किया और विजया दशमी मनाई।

### लोगों ने लिया मेला का आनंद



राज परिवार के कार्यक्रम के बाद जिले के ग्रामीण अंचलों से आए लोगों ने मेले का आनंद लिया और नगर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन किए। गुरूवार की दोपहर बाद प्रारंभ हुआ चलता-फिरता मेला शुक्रवार की सुबह तक चलमा रहा। इस दौरान जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने रातभर जमकर खरीददारी की और मेला का जमकर आनंद लिया। विजयादशमी के मौके पर नगर में पहुंची हजारों लोगों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जिसके चलत पूरे पर्व में शांति व्यवस्था कायम रही।

### बारिश में भी नहीं हुआ उल्लास कम

हर बार की तरह इस बार भी कवर्धा नगर में विजयादशमी के रोज अचानक बदले मौसम के बीच झमाझम बारिश हुई। लेकिन इस बारिश में भी लोगों का उल्लास कम नहीं हुआ और उन्होंने विजयादशमी के जुलूश में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। हालांकि इस बारिश के चलते आयोजकों को रावण दहन करने में कुछ परेशानियों का सामना जरूर करना पड़ा। मौसम के मिजाज को भांपते हुए आयोजकों ने समय से पहले ही रावण दहन कर दिया। जिसके चलते सरदार पटेल मैदान में रावण दहन में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई लेकिन दूसरे स्थानो पर बारिश ने समस्या खड़ी कर दी।

# बोड़ला नगर में सर्व युवा मित्र परिवार ने निकाली चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

सर्व युवा मित्र परिवार बोड़ला नगर के द्वारा गत बुधवार की शाम भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई।

जिसमें समिति के सदस्य और युवा शामिल थे। बोड़ला नगर में यह पहली बार हैं जो चुनरी यात्रा निकाली गई है, अब प्रति वर्ष लगातार यह भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। चुनरी यात्रा श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुई जिसमें भजनों व धुमाल की धुन में युवक थिरकते हुए नजर आए। माता रानी की सेवा करते हुए यह चुनरी यात्रा नगर के मुख्य चौक-चौराहे से होते हुए शीतला मंदिर में समाप्त हुई। जहां समिति के युवाओं के द्वारा मां शीतला मंदिर में चुनरी अर्पित की गई। इस चुनरी यात्रा में मुख्य रूप से सुजल साहू, तरुण साहू, अन्नू खान, सुधांशु कश्यप, जीवन यादव,सियाराम साहू, संजय झारिया, यशवंत साहू , दुर्गेश पटेल, प्रिंस साहू, इंद्रजीत साहू, कामेश निर्मलकर, ईश्वर निर्मलकर आदि रहें। इस भव्य शोभायात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त उमड़ी। गौरतलब है कि नवरात्र में नौ दिन माता दुर्गा के आराधना का विशेष पर्व होता है। इस नवरात्र में लोग अपनी मनोकामना को लेकर देवी मंदिरों में सुबह-शाम दर्शन करने पहुंचते हैं। बोड़ला नगर के माता शीतला मंदिर में इन दिनों भक्तों का तांता लगा हुआ है। सुबह शाम मां की आरती में लोग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### गायत्री परिवार ने किया हवन पूजन

**कवर्धा।** पतंजलि योग समिति जिला कबीरधाम के द्वारा शारदीय नवरात्रि में 108 गायत्री जाप एवं ध्यान साधना हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया। नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर पतंजलि परिवार द्वारा नौ दिन तक वेद के महामंत्र जिसे गुरू मंत्र भी कहा जाता है इस मंत्र को हमारे ऋषि मुनियों ने मोक्षदायिनी कहा है ऐसे गायत्री मंत्र से प्रतिदिन 108 माला जाप एवं ध्यान साधना कर नवरात्रि के अष्टमी तिथि के दिन देव यज्ञ (अग्निहोत्र) कर अनुष्ठान संपन्न किया गया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी सुरेश चंद्रवंशी के आह्वान पर पिछले तीन वर्षों से पतंजलि परिवार द्वारा यह अनुष्ठान किया जा रहा है। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि यह पर्व शक्ति की आराधना का पर्व है। व्यक्ति शुद्ध सात्विक मनसे व्रत कर गायत्री मंत्र का निरंतर जाप एवं ध्यान करे तो निश्चित जानिए हमारे दैहिक, दैविक तथा भौतिक ताप का समन होता है और सुख, शांति, शक्ति एवं आनंद की वृद्धि होती है।

### भारी बारिश से दशहरा उत्सव में अफरा तफरी

**कवर्धा।** कवर्धा नगर में आयोजित दशहरा उत्सव के दौरान गुरूवार की शाम हुई भारी बारिश और तेज गर्जना से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। दशहरा उत्सव में शामिल होने पहुंची भारी भीड़ बारिश शुरू होते ही सुरक्षा की दृष्टि से यहां वहां भागने लगी। जिससे न सिर्फ एक प्रकार से भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई बल्कि आवागमन भी बाधित हो गया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने स्थिति को संभालते हुए समय पर चेतावनी जारी की और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य किया। इसके अलावा, पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। जब बारिश के कारण सड़कें बाधित हुईं, तो पुलिस ने यातायात के सुचारु प्रवाह के लिए वैकल्पिक मार्ग सुझाए, जिससे सामान्य जनजीवन में न्यूनतम व्यवधान हो सके। बावजूद इसके मौसमी आफत के चलते दशहरा उत्सव में शामिल होने पहुंचे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# ड्राई डे पर अवैध शराब बिक्री की जुगत, दो गिरफ्तार

## 6 पेटी अवैध शराब व बाइक जब्त



- मुखबिर की सूचना पर कुण्डा पुलिस ने की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले की कुंडा पुलिस और साइबर सेल ने अवैध मुनाफाखोरी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने ग्राम डाबरी, कोसमतरा रोड (थाना कुंडा) में दबिश देकर दो युवकों को शराब निषेद दिवस पर अवैध रूप से ऊंचे दामों में शराब बेंचने की जुगत भिड़ा रहे थे। पुलिस ने इन आरोपियों के पास 6 पेटी (295 पाव, प्रत्येक 180 एम) अवैध शराब तथा एक मोटर सायकल भी जब्त की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बीत की सूचना मिली थी कि आरोपी आसवन भास्कर पिता छोटेलाल भास्कर, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम डबरी थाना कुंडा तथा सुमन दिवाकर पिता दरबार, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम डबरी थाना कुंडा अपनी मोटर सायकल में शराब की बड़ी खेप लेकर उसे फुटकर में बेंचने की जुगत भिड़ा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिस देकर दोनो आरोपियों को अवैध शराब के साथ दबोच लिया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब की बिक्री व परिवहन को लेकर लगातार कार्यवाही कर रही है और आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध शराब भी जप्त की जा रही है।

### पहले से एकत्र कर रखा गया था स्टाक

पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होने पहले ही शराब दुकानों से शराब खरीदकर डंप किया था और पर्व के दिन ऊंचे दामों पर बेचने की योजना बनाई थी। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पंडरिया भूपत धनेश्वरी के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी संतोष मिश्रा व उनकी टीम तथा साइबर सेल की सक्रिय भूमिका से संभव हुई।

### एसपी धर्मेंद्र सिंह ने दिया संदेश

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्श हमें संयम, सत्य और अनुशासन का संदेश देते हैं। ऐसे पर्वों पर शराबबंदी का उल्लंघन न केवल कानून तोड़ना है बल्कि समाज और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। कबीरधाम पुलिस जिले के हर कोने में निगरानी कर रही है। अवैध शराब कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा और सीधे जेल की सलाखों के भीतर भेजा जाएगा। यह कार्रवाई न सिर्फ आरोपियों के लिए कठोर संदेश है, बल्कि उन सभी अवैध नेटवर्क को भी चेतावनी है जो त्योहार और राष्ट्रीय पर्वों पर अवैध धंधे के जरिए मुनाफाखोरी की कोशिश करते हैं।

# ज्योत जंवारा विसर्जन के दौरान ग्रामीणों पर मधु मक्खियों का हमला, 22 लोग दंश के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में जोत जंवारा विसर्जन के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब मधु मक्खी के झुंड ने ग्रामीणों पर अचानक हमला कर दिया। बताया जाता है कि मधु मक्खी के इस हमले से जोत जंवारा विसर्जन कार्यक्रम में शामिल करीब 22 ग्रामीण महिला, पुरूष, बच्चे, बुजुर्ग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कंझेटा में दुर्गा अष्टमी के मौके पर स्थानीय मां महामाया मंदिर से जोत जंवारा विसर्जन करने शोभा यात्रा निकाली गई थी। इस शोभायात्रा के दौरान मंदिर के पास ही लगे पीपल पेड़ में मौजूद मधु मक्खियों ने अचानक ग्रामीणों पर हमला कर दिया।



यह हमला इतना खतरनाक था कि ग्रामीणों में भगदड़ मच गई और लोग मधु मक्खियों के दंश से बचने के लिए यहां वहां भागने लगे। कुछ लोगों ने तो भाग का अपने आप को बचा लिया लेकिन करीब 22 लोग ऐसे थे जिन्हें मधु मक्खियों के घातक दंशो का सामना करना पड़ा। इसमें कई महिला, पुरूष, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हैं। घटना के बाद गंभीर रूप से घायलों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।

### खपरी में मनाई गई गांधी जयंती



**कवर्धा।** ग्राम खपरी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 03 में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने उसके तैलीय चित्र के समक्ष पुष्पमाला, श्रीफल अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर प्रबुद्धजनो ने बच्चों को गांधी के जीवन आदर्शो के बारे में जानकारी दी गई एवं आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर के आसपास साफ सफाई की गई। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर एक पोषण पौधा भी लगाया गया जिससे प्रेरित होकर आमजन भी पौध रोपण के लिए प्रेरित हों। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरिता चंद्रवंशी ने बच्चों को स्वच्छता की जानकारी देते हुए स्वस्थ रहना है तो स्वच्छता को अपनाना है, अपने घरों के आसपास साफ सुथरा रखना है, गांव में सभी लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए संकल्प दिलाया कि न गंदगी करूंगा और न किसी को करने दूंगा। है इस अवसर पर सुशीला चंद्रवंशी, सुरेखा साहू, रवि धुर्वे, नीरज चंद्रवंशी और स्कूली बच्चे सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित



- आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 275 ग्रामों का विकास विजन, विशेष ग्राम सभाओं में हुआ पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत सरकार का महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान गुरूवार को कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत तितरी, बरेन्डा और खारा में आयोजित विशेष ग्राम सभाओं के साथ नई दिशा में आगे बढ़ा।

इन ग्राम पंचायत के ग्राम सभा मे भारत सरकार द्वारा नियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य नोडल अधिकारी, वरिष्ठ आईपीएस एवं भारत सरकार के हाईफेड के प्रबंध संचालक एम राज मुरूगन विशेष रूप से कबीरधाम पहुंचे। उनके साथ भारत सरकार से जिले के लिए नियुक्त श्रीमती विजय लक्ष्मी तारा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, आदिम जाति विकास विभाग से सहायक आयुक्त एलपी पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आयोजित इन सभाओं की शुरुआत दोनों महान विभूतियों के तैलय चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। भारत सरकार द्वारा नियुक्त छत्तीसगढ़ राज्य नोडल अधिकारी, वरिष्ठ आईपीएस अफसर एम राज मुरूगन सहित सभी अधिकरियो ने ग्राम सभाओं में अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर चौपाल का रूप दिया और सीधे संवाद किया।

ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं और आकांक्षाओं को सामने रखा,जिनमें स्वच्छ पेयजल, पक्की सड़क, प्राथमिक विद्यालयों की बेहतर व्यवस्था, 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं, महतारी सदन निर्माण, सामुदायिक वन संसाधन पत्र, नदी पर पुल निर्माण, निर्बाध बिजली और नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग प्रमुख रही। राज्य नोडल अधिकारी श्री मुरूगन ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य है कि गांव की जरूरतें अब गांव वाले खुद तय करें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत ग्राम विजन योजना 2030 तैयार की जा रही है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, आधारभूत ढांचा और परंपराओं के संरक्षण जैसे सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा।

**पुलिस अधीक्षक सिंह सहित पुलिस अधिकारियों ने किया हर्ष फायर**

# विजयादशमी पर पुलिस प्रशासन ने की शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



विजयादशमी के पावन अवसर पर गुरूवार को कबीरधाम जिले के न्यू पुलिस लाइन रक्षित केंद्र कवर्धा में पारंपरिक रूप से शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। प्रातः 10:00 बजे शस्त्रागार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भूपत धनेश्वरी अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर, आशीष शुक्ला, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, रक्षित निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, शस्त्रागार प्रभारी संतोष बारिया सहित रक्षित केंद्र के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। पूजन के अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि शस्त्रों का प्रयोग सदैव धर्म और न्याय की रक्षा हेतु किया जाएगा। निर्दोषों पर कभी प्रयोग नहीं होगा और असहायों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुए अपराधियों को कानून के दायरे में लाकर जिले को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया गया। इस दौरान सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पारंपरिक रूप से होने वाला हर्ष फायर भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान शांति हवन कर जिले में सौहार्द, आपसी भाईचारे और खुशहाली की ईश्वर से कामना की गई। पूजन उपरांत उपस्थित पुलिस स्टाफ को प्रसाद वितरित किया गया तथा पूजित शस्त्रों से पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा परंपरानुसार हर्ष फायर भी किया गया। इसी क्रम में जिले के सभी थाना एवं चौकियों में भी पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंत में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने जिले के समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं जिलेवासियों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा शांति, आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया।

### निगम प्रशासन और पार्षद के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोश

# पानी, बिजली और गंदगी से त्रस्त गोकुलधाम सोसाइटी की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गोकुल नगर के पीछे स्थित गोकुलधाम सोसाइटी में समस्याओं का अंबार है। यहां सोसाइटी के मुहाने में ही बगल की सरकारी कॉलोनी के सेप्टिक टैंक का पानी सड़क पर भरा रहता है, जिसे पार कर जाने की मजबूरी होती है। वहीं कॉलोनी के भीतर भी कई समस्या व्याप्त है। जिसको लेकर यहां की महिलाओं में खासा आक्रोश है। कई बार नगर निगम और पार्षद को शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

शहर के कौरिनभाठा क्षेत्र स्थित गोकुलधाम सोसाइटी के लोगों में नगर निगम और स्थानीय पार्षद को लेकर आक्रोश नजर आ रहा है। यहां कॉलोनी के प्रवेश द्वार पर ही शासकीय कॉलोनी का बड़ा सेप्टिक टैंक है। जिसका ठेकेदार की लापरवाही के चलते आधा-अधूरा निर्माण दिखाई देता है। इस सेप्टिक टैंक का बाहर से प्लास्टर नहीं किया गया है। टैंक के ऊपर ढक्कन भी नहीं लगाया गया है। वहीं टैंक से निकलने वाले पानी को नाली तक पहुंचाने के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। जिसकी वजह से यह गंदा पानी कॉलोनी के मार्ग पर ही भरा रहता है। जिससे बदबू और गंदगी के चलते लोगों को काफी समस्या हो रही है।



#### पेयजल के लिए भी होती है समस्या

गोकुलधाम सोसाइटी के सामने नाली निर्माण नहीं होने की वजह से यहां पानी भरा रहता है। वहीं कॉलोनी के भीतर भी स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी है। एक तरफ शासन द्वारा हर घर नल से जल जैसी योजना चलाई जाती है। वहीं दूसरी ओर शहर के बीच इस कॉलोनी के किसी भी घर में नल नहीं है। वह बोर के पानी से ही अपना गुजारा करते हैं। गर्मी के दिनों में बोर सूखने पर समस्या होती है।



#### समस्या हल नहीं होने पर आंदोलन

इस कॉलोनी में बड़ी संख्या में बुजुर्ग भी निवासरत हैं, जिन्हें आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । नगर निगम प्रशासन को भी कई बार आवेदन के माध्यम से समस्याओं को दूर करने कहा गया है, लेकिन अब तक यहां समस्या व्याप्त है। जिसको लेकर कॉलोनी के लोग आंदोलन की तैयारी भी कर रहे हैं।

#### टैक्स लेते हैं पर सुविधा कुछ भी नहीं

गोकुलधाम सोसाइटी की स्मिता उपाध्याय और रसिक सोनी सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि वर्ष 2015 में नगर निगम को यहां कॉलोनी हैंडओवर की गई है। वह जलकर, संपत्ति कर सहित सभी प्रकार के टैक्स नगर निगम में जमा करते हैं, लेकिन सुविधा कुछ भी नहीं मिलती है। यहां पेयजल भी नहीं पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पेयजल के लिए अमृत मिशन के तहत पाईप लाइन बिछाई गई थी, लेकिन बिछी हुई पाईप लाइन को भी खोदकर वापस निकाल लिया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 45 के पार्षद डुरेंद्र साहू को भी कई बार समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया।

# 350वीं शताब्दी शहीदी यात्रा का आज नांदगांव आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




सिख समाज छत्तीसगढ़ द्वारा हिंद की चादर नौवें गुरु श्री गुरु तेगबहादुर साहेब जी की 350वीं शताब्दी शहादत को समर्पित 10 दिवसीय शहीदी यात्रा आज रायपुर से आरंभ हो रही है। संयोजक स. महेंद्र सिंह छाबड़ा (पूर्व कैबिनेट मंत्री, छग अल्प संख्यक आयोग) द्वारा प्रदत जानकारी अनुसार यात्रा दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, बेमेतरा, मुंगेली, कुंडा, कवर्धा, पंडरिया, लोरमी, तखतपुर, बिलासपुर, चांपा, कोरबा, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, अंबिकापुर, पत्थलगांव, रायगढ़, बसना, पिथोरा, बागबाहरा, महासमुंद, राजिम, धमतरी, अभनपुर, आरंग, बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा के सभी गुरुद्वारा /सिंघ सभा होते हुए वापस रायपुर 12 अक्टूबर पहुंचेगी।

उल्लेखनीय है कि 350 साल पूर्व हिंदू धर्म की खातिर, तिलक और जनेऊ की रक्षा के लिए शहादत देने के कारण ही श्री गुरूतेग बहादुर साहेब को हिंद की चादर के सम्मान से संबोधित किया जाता है। रायपुर से 3 अक्टूबर सुबह आरंभ यह शहीदी यात्रा भिलाई, दुर्ग से होते राजनांदगांव में लगभग 3.30 बजे भाजपा कार्यालय से सर्विस रोड में प्रवेश करेगी। महावीर चौक तक यात्रा कारों वाहनों से भी पहुंचेगी। यहां से यह शहीदी यात्रा समूह संगत भाई-बहनों के साथ पंज प्यारो की अगुवाई नगर-कीर्तन के रूप में जयस्तंभ चौक से मानव मंदिर चौक से गुरुद्वारा साहिब पहुंचेगी, जहां समूह सिख संगत तथा नगरवासियों द्वारा भावभीना स्वागत तथा सत्कार किया जाएगा। संगत यहां ऐतिहासिक हस्त-लिखित गुरु ग्रंथ साहिब तथा गुरुओं के प्राचीन शस्त्रों के दर्शन करेंगी। प्रसाद वितरण तथा स्वल्पाहार उपरांत यह यात्रा गुरुद्वारा तुमड़ीबोड होते डोंगरगढ़ पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम उपरांत कवर्धा प्रस्थान करेगी।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा राजनांदगांव प्रबंधक कमेटी ने समूह सिख संगत भाइयों-बहनों के साथ समस्त नागरिकगणों, संस्थाओं से निवेदन किया है कि कल 3 अक्टूबर महावीर चौक तथा गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर शहीदी यात्रा का स्वागत सत्कार पूर्ण श्रद्धा के साथ करें।

## कलेक्टर ने राष्ट्रपिता गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को कलेक्टोरेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जनतो..., रघुपति राघव राजाराम का गायन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को नशामुक्ति के लिए संकल्प दिलाया। इस मौके पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




# जयंती पर किया माल्यार्पण

**राजनांदगांव।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रमोद बागड़ी ने महात्मा गांधी पर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गांधी आध्यात्मिक नेता थे। उन्होंने सत्य-अहिंसा के सिद्धांत पर भारत को आजादी दिलाई। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ नांदगांव से डॉ. आनंद वर्गीस, संदीप सिंह, नंदकिशोर खंडेलवाल, दिलीप पात्रे ने माल्यार्पण किया।



# कराते खिलाड़ियों ने हासिल किए पदक

**राजनांदगांव।** शिकोकाई शितोरियू कराते डू इंटरनेशनल एवं राजनांदगांव मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा 29 सितंबर को कस्तूरबा मंडल हाल में जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कमल कराते अकादमी कराते स्कूल ममता नगर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर स्कूल पदक प्राप्त किया। अपूर्वा नाथ काता में स्वर्ण पदक व कुमीते में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं आदित्य देवांगन काता में कास्य पदक, लब्यांश लहरी काता कास्य व कुमिते में कास्य पदक, शुभता श्रीवास्तव काता में कास्य तथा रस्मी गंगबेर कुमिते में कास्य पदक प्राप्त किया। वहीं काजल यादव रेफरी व सहायक कोच थलेश्वरी मेश्राम रही।



